गौ अभ्यारण्य अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र सालरिया, जिला आगर मालवा में अनुसंधान इकाई का प्रारंभ नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंर्तगत परियोजना

जबलपुर। दिनांक 28 मार्च 2018। गौ अभ्यारण्य अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र के अनुसंधान अनुभाग को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर अंर्तगत स्थानीय पशुपालकों की आवश्यकताओं एवं जलवायु के अनुरूप भारतीय/देशी गायों का संरक्षण, संर्वधन, गौ पशुओं में संक्रामक, असंक्रामक, पशु पोषण व्याधियाँ पशु प्रबंधन एवं प्रजनन संबंधी क्षेत्रीय विशेष समस्याओं एवं बीमारियों की रोकथाम से संबंधित शोध, पंचगव्य इकाई का निर्माण एवं पंचगव्य उत्पादन आदि से संबंधित अनुसंधान कार्यो हेतु अनुसंधान भवन व 20 हेक्टेयर की भूमि उपयोग ग्राम सालरिया, जिलाः आगर मालवा में स्थापित किये जाने के लिये श्रीमान् अवर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पशुपालन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल (म.प्र.) से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

इस गौ अभ्यारण्य अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र की स्थापना से मध्यप्रदेश के कृषक व पशुपालक निश्चित रूप से खेती व पशुपालन से होने वाली आय वृद्धि में सहायक सिद्व होगी, जिससे नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान वि.वि., जबलपुर, उन्नत एवं जैविक कृषि के स्वरूप को स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करेगा।

माननीय कुलपति डॉ. पी.डी. जुयाल ने विश्वविद्यालय के लिये इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बतलाया है एवं प्रसन्नता व्यक्त की है, कि यह अनुसंधान केन्द्र भविष्य में देशी गायों के गौ संवर्धन व संरक्षण तथा पंचगव्य उत्पाद बनाने में मध्यप्रदेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

28/3/2018

Principal Investigator
"Farmer First Project"
N.D.V.S.U., Jabalpur (M.P.)